अनुक्रमांक ---------

- Please check that this question paper contains 4 printed pages.
- Check that this question paper contains 10 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.

DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE

PERIODIC TEST –II (2023-24)

कक्षा- सातवीं

विषय- हिंदी (Higher)

समय- 1 घंटा 30 मिनट **अधिकतम अंक-40**

सामान्य निर्देश:-

- **इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ ।**
- **सभी खंड एवं प्रश्न अनिवार्य हैं।**
- **प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमश: एक साथ लिखिए ।**
- **उत्तर पुस्तिका में वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न पत्र में दी गई है ।**

खंड-क (अपठित गद्यांश-5)

1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: [1×5=5]

स्वस्थ शरीर वाला मनुष्य ही इस संसार के सभी प्रकार के सुखों को भोग सकता है तथा व्यायाम इसके लिए अति आवश्यक है । व्यायाम करने का भी ढंग होता है । इसे करते समय सदा कुछ सावधानियाँ बरतनी चाहिए । पहली सावधानी यह है कि आयु, समय व शरीर की क्षमता के अनुसार ही व्यायाम करना चाहिए । दूसरी सावधानी यह है कि सही व्यायाम का चुनाव करना चाहिए तथा व्यायाम की उचित मात्रा निश्चित करनी चाहिए । तीसरी सावधानी यह है कि शुद्ध

वायु प्रकाश वाले खुले स्थान में व्यायाम करना चाहिए । व्यायाम के तुरंत बाद स्नान नहीं करना चाहिए। व्यायाम के अनेक लाभ हैं- इससे शरीर में शुद्ध रक्त का संचार होता है , भोजन ठीक से पचता है, शरीर हृष्ट-पुष्ट बन जाता है, थकान कम अनुभव होती है तथा मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है ।

क) स्वस्थ शरीर वाला मनुष्य इस संसार में क्या भोग सकता है?

ख) व्यायाम कैसी जगह पर करना चाहिए ?

ग) व्यायाम करते समय दूसरी सावधानी कौन-सी बरतनी चाहिए?

घ) मस्तिष्क की स्वस्थता किस पर निर्भर करती है ?

ङ) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

खंड-ख (रचनात्मक लेखन-5)

2. अरुणिमा सिन्हा के संघर्ष भरे जीवन के बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए | [5]

खंड-ग (व्याकरण-10)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -

3. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित क्रिया-विशेषण का भेद लिखिए - [1x2=2]

(i) उपासना धीरे-धीरे चलती है ।

(ii) बच्चे अभी खेल रहें हैं ।

4. नीचे दिए गए शब्दों का इस प्रकार वाक्य में प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए- [1×2=2]

(i) उदार (ii) उधार

5. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए- [1x2=2]

(i) प्रचलित

(ii) आनंदित

6.निम्नलिखित शब्दों के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखिए | [1x2=2]

(i) कपड़ा

(ii) मनुष्य

7. (i) मेरा संकल्प साकार हो गया । **(भविष्यत् काल में वाक्य परिवर्तन कीजिए) [1x2=2]**

(ii) रूपा हरि को सवाल समझा रही है । **(वाक्य में प्रयुक्त काल का नाम लिखिए)**

<u>खंड-घ (पाठ्य-पुस्तक-20)</u>

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर <u>एक वाक्य</u> में लिखिए । [1x6=6]

(क) लेखक ने अपनी खराब मोटर साइकिल कहाँ छोड़ दी थी ?

(ख) 'उस रात की बात' कहानी के लेखक का नाम लिखिए |

(ग) अरुणिमा लखनऊ से दिल्ली किस ट्रेन से जा रही थी ?

(घ) अरुणिमा को किस सम्मान से विभूषित किया गया ?

(ङ) साधु की तुलना किसके साथ की गई है ?

(च) कैसी बात फीकी लगती है?

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर <u>25 से 30 शब्दों</u> में लिखिए । [2x5=10]

(क) अस्पताल के बिस्तर पर पड़े हुए अरुणिमा ने क्या संकल्प लिया ?

(ख) बुढ़िया के पैसे माँगने पर लेखक ने क्या समझा ?

(ग) सफलता का राजमार्ग क्या है ?

(घ) अपनी सामर्थ्य के अनुसार काम करने से क्या लाभ होता है ?

(ङ) तुच्छ व्यक्तियों से बैर और दोस्ती क्यों अच्छी नहीं होती ?

10. जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना क्यों आवश्यक है ? अपने विचार लिखिए । **[4x1=4]**

(उत्तम पाठक बोनस योजना-04)

1.

2.

3.

4.

****